तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.1 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025




20 सड़क पर महंगी पड़ी स्टंटबाजी, चार गिरफ्तार



14 बिजली दर वृद्धि के विरोध में युकां की बाइक रैली

## खबर संक्षेप

### दूसरे ट्रक का नंबर प्लेट लगाकर चलाने का आरोप

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने एक ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस 318-4 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी करणदीप सिंह अहलूवालिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय कुमार मिश्रा उसके यहां पहले ट्रक चालक था। काम छोड़ने के बाद वह दूसरे की ट्रक चलाता है, लेकिन जो ट्रक चला रहा है, उसमें उसने उसके ट्रक का नंबर प्लेट लगा रखा है। इस तरह फर्जी तरीके से वह उसके ट्रक नंबर का इस्तेमाल कर रहा है। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### तालाब के पास मिला नवजात शिशु का शव



**रायपुर।** फाफाडीह क्षेत्र में साहूपारा तालाब के पास 9 दिसंबर 2024 को एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ था। शिशु की उम्र करीब 7 माह थी। इस मामले की जांच में पुलिस ने पाया कि शव किसी ने फेंका था। इस तरह पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 94 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे तलाश कर रही है।

### चेन बनाने के पार्ट्स चोरी, केस दर्ज

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी राहुल शिंदे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी भनपुरी में इंडो चेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। इस कंपनी में आरोपी मो. सोनू हेल्पर का काम करता था, वह कंपनी परिसर से पीतल की चेन बनाने वाला पार्ट्स चोरी कर ले गया। इस पार्ट्स की कीमत 40 से 50 हजार रुपए है। पुलिस ने इस मामले में अपराध धारा 306 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### बार्बीक्यू नेशन से 2 लाख 30 हजार कैश पार

**रायपुर।** शहर के मैग्नेटो मॉल स्थित बार्बीक्यू नेशन में चोरी हो गई। बताया जा रहा है कि यहां नकदी 2 लाख 30 हजार रुपए की चोरी हुई है, जिसकी सूचना तेलीबांधा थाने में दी गई है। बताया जा रहा है कि चोरी के पीछे यहां काम करने वाले पुराने एक कर्मचारी पर नेशन के संचालक ने संदेह व्यक्त किया है, जो पुणे का निवासी है। बहरहाल पुलिस ने इस मामले को जांच में लिया है।

# साइंस कॉलेज हॉस्टल में गुंडागर्दी करने वाले आधा दर्जन पकड़े गए, पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रविवार मध्यरात्रि विज्ञान महाविद्यालय के हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों का जुलूस भी निकाला गया। मुख्य 6 आरोपियों ने घटना को अंजाम देने अपने साथ 25-30 लड़कों को बुलाया था। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने इस बात को स्वीकारा है। पुलिस अब मारपीट का हिस्सा रहे मुख्य आरोपियों का साथ देने वाले अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

## विज्ञान महाविद्यालय छात्रावास में घुसकर बलवा करने के बाद हो गए थे फरार, कइयों की तलाश



### ये हैं मुख्य आरोपी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की सूची में मोनेश उर्फ मोन्टू केसरकर फूलचौक निवासी, धर्मांशु सोनपिपरे फूलचौक निवासी, गेबिन यादव शारदा चौक निवासी, प्रतीक यादव शारदा चौक निवासी, आकाश गुप्ता उर्फ बाबू कोटा निवासी, सोनू साहू उर्फ थानेश्वर कुशालपुर मिट्टी खदान निवासी के नाम शामिल हैं। आरोपियों के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 246/25 के अंतर्गत बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 191(3), 333, 304(2) लगाई गई है। सभी को जेल दाखिल कर दिया गया है।

मारपीट में इस्तेमाल किए गए डंडे को भी पुलिस ने जब्त कर दिया है। आरोपियों की पहचान करने पुलिस ने साइंस कॉलेज के आने-जाने वाले रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। गौरतलब है कि रविवार देर रात कुछ लड़के साइंस कॉलेज हॉस्टल के सामने पेशाब कर रहे थे। छात्रावास के लड़कों ने जब उन्हें ऐसा करने से रोका तो वे चले गए। इस घटना के लगभग एक घंटे बाद वे 35 से 40 लड़कों को लेकर पहुंचे और छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से मारपीट की। इसके बाद महाविद्यालय प्रबंधन संग थाना पहुंचकर रविवार मध्यरात्रि पश्चात थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### किराना दुकान में धावा, 55 हजार का सामान पार

**रायपुर।** सैलानी नगर संजय नगर टिकरापारा निवासी एक व्यवसायी की दुकान संगम किराना स्टोर से चोरी की वारदात सामने आई है। यह दुकान बोरियाखुर्द, कांदुल रोड स्थित संगम मैरिज पैलेस के बगल में स्थित है। व्यवसायी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 13 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे अपनी दुकान को बंद कर शटर में ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह 14 अक्टूबर को सुबह जब दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला।

## एक ही दिन में डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार

# पुष्य नक्षत्र में सोने-चांदी से लेकर वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की जमकर खरीदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मंगलवार को पुष्य नक्षत्र पर राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के हर छोटे से लेकर बड़े शहर में सुबह से लेकर रात तक सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल और कपड़ों की दुकानों में जमकर खरीदारी हुई। एक ही दिन में डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। सबसे बड़ा कारोबार सराफा में हुआ है। आठ सौ से हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल में करीब चार सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। कपड़ों का दो सौ करोड़ और ऑटोमोबाइल सेक्टर में करीब सवा सौ करोड़ का कारोबार हुआ है।

इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। पुष्य नक्षत्र पर मंगलवार को जब सराफा बाजार खुला तो सोने की कीमत जहां एक लाख 31 हजार हो गई, वहीं चांदी के दाम एक लाख 86 हजार के पार हो गए। इसके बाद भी सुबह से लेकर रात तक राजधानी रायपुर के सराफा बाजार के साथ ही प्रदेश के बड़े शहरों बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव सहित सभी बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों में सराफा बाजार गुलजार रहा। सराफा कारोबारियों के मुताबिक एक दिन में 800 से 1000 करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

### कपड़ा बाजार भी गुलजार

कपड़ों का बाजार तो नवरात्रि के समय से ही गुलजार है। यहां पर लगातार खरीदारी हो रही है। पुष्य नक्षत्र पर भी बाजार गुलजार रहा। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कई शहरों के ग्राहक भी खरीदारी करने के लिए सुबह से ही पहुंचे। रात तक खरीदारी होती रही। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में पुष्य नक्षत्र में प्रदेश भर में दो सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार रेडीमेड को मिलकर होने का अनुमान है।




### सवा सौ करोड़ के बिके वाहन

*पुष्य नक्षत्र पर वाहनों की खरीदारी को भी बहुत शुभ माना जाता है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश भर में करीब सात से आठ हजार बाइक और करीब पांच सौ चार पहिया वाहन बिके हैं। प्रदेश में करीब सवा सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक सबसे ज्यादा कारोबार धनतेरस पर होगा।*

### मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स भी खूब बिके


*मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में जमकर खरीदारी हुई। महंगे मोबाइल के साथ ही कम कीमत के मोबाइल भी बिके। इसी के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों में बड़ी स्क्रीन वाली एलईडी की ज्यादा डिमांड रही। जीएसटी कम होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम ज्यादा बिके। वाशिंग मशीन, एसी, फ्रिज से लेकर होम थियेटर सहित कंप्यूटर और अन्य आइटमों की भी भारी डिमांड रही। प्रदेश में एक ही दिन में चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक धनरेतस तक प्रदेश भर में मोबाइल और इलेक्टॉनिक्स सामनों को मिलाकर हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो जाएगा।*



# शहर की 42 टंकियां कल शाम रहेंगी सूखी, 6 घंटे शटडाउन रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर के 75 फीसदी इलाकों में 16 अक्टूबर की शाम जल आपूर्ति नहीं होगी। बिजली विभाग द्वारा 33 केवी लाइन में संधारण कार्य की वजह से 6 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण फिल्टर प्लांट की बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से शहर 42 पानी टंकियां नहीं भर पाएंगी। संधारण का कार्य पूरा होने के बाद निगम का जल विभाग शाम 5 बजे से प्रभावित टंकियों को भरना शुरू करेगा। जलभराव के बाद 17 अक्टूबर की सुबह नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी।

दरअसल, दीपावली पर्व से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी 33 केव्ही लाइन के संधारण का कार्य करने जा रही है। इसके कारण 16 अक्टूबर को 6 घंटे का शटडाउन ▶▶| शेष पेज 18 पर

# हड़ताल के नाम पर अनुपस्थिति मानी जाएगी 'ब्रेक इन सर्विस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विद्युत कर्मचारी महासंघ की हड़ताल पर पॉवर कंपनी प्रशासन सख्त

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल की जा रही है। इसके संबंध में मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ट्रांसमिशन द्वारा परिपत्र जारी कर तीनों कंपनियों के विभाग प्रमुखों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अभियंता एए.परियल ने बताया, कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश या हड़ताल में भाग लेने की स्थिति में उनकी अनुपस्थिति के दिनों का वेतन देय नहीं होगा तथा इस अवधि को 'ब्रेक इन सर्विस' माना जाएगा। प्रबंधन ने यह भी परिपत्र जारी कर कहा है कि हड़ताल में शामिल होना और दूसरों को भाग लेने हेतु उकसाने के कृत्यों को दीर्घ दुराचरण की श्रेणी ▶▶| शेष पेज 18 पर





प्रदेश की सफलता विकास
और समृद्धि के चित्रकार
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण से लेकर
प्रगतिशील खुशहाल छत्तीसगढ़
के रचनाकार
मान. डॉ.
रमन सिंह जी
को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत : RM GROUP
राजेश मूणत
(पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक रायपुर पश्चिम)

## खबर संक्षेप



### बिजली दर वृद्धि के विरोध में युकां की बाइक रैली

**रायपुर।** यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर मंगलवार को रायपुर पहुंचे। उन्होंने कहा, बिजली बिलों में बढ़ोतरी के विरोध में धमतरी जिले में बाइक रैली निकाली जाएगी और कांकेर जिले में कलेक्टर कार्यालय का घेराव होगा। विभिन्न जिलों में बैठक भी इन दो दिनों में आयोजित की जाएगी। यूथ कांग्रेस ने एयरपोर्ट से स्वागत रैली भी निकाली। इस दौरान प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी मोनिका माडरे, प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शंकराचार्य आश्रम आएंगे सुबुद्धानंद महाराज

**रायपुर।** ज्योतिर्मठ एवं द्वारका शारदा मठ उभय पीठ के सचिव, आध्यात्मिक उत्थान मंडल के मंत्री तथा श्री शंकराचार्य आश्रम में आयोजित चातुर्मास स्वागत समिति के अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज का आगमन होने वाला है। वे चातुर्मास के आवश्यक कार्यों का संपादन करेंगे। वहीं चातुर्मास समिति ने समस्त सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

### निधन

#### दिलशाद कुरैशी



**रायपुर।** बैरन बाजार निवासी दिलशाद कुरैशी का निधन हो गया। उन्हें बैरन बाजार स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। वे अमीन अहमद की पत्नी तथा नौशीन और अमरीन की माता थीं।

## रतनपुर बस स्टॉप के पास की घटना

### बस से रुपए-जेवर से भरा बैग ले उड़े चोर

# रायपुर का सराफा व्यापारी हुआ एक करोड़ की उठाईगिरी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर का एक सराफा व्यापारी बस में सफर करते समय लगभग एक करोड़ रुपए की उठाईगिरी का शिकार हो गया। अज्ञात आरोपियों ने रतनपुर बस स्टॉप के पास उसका रुपयों एवं सोने के गहनों से भरा बैग उड़ा दिया। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, जिसमें व्यापारी का बैग ले जाते हुए कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं। इस आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार ठगी का शिकार हुए रायपुर निवासी सराफा व्यापारी का नाम किशोर कुमार रावल है। बताया गया है कि किशोर गहनों की मार्केटिंग करने के लिए रविवार को यात्री बस से अंबिकापुर गया था। यहां दिनभर मार्केटिंग करने के बाद देर रात की बस से वह वापस रायपुर आने के लिए निकला था। सोमवार को बस जब बिलासपुर नेहरू चौक पहुंची, तब उसकी नींद खुली। जागने पर उसे पता चला कि उसका बैग गायब है। बैग में नकदी 7 लाख रुपए तथा 900 ग्राम सोने के गहने थे। रुपयों से भरा बैग नहीं पाकर किशोर





के होश उड़ गए। इसके बाद उसने इसकी सूचना रतनपुर थाना पुलिस को दी। एक करोड़ रुपए की चोरी के मामला को देखते हुए पुलिस तत्काल एक्शन में आई और बस थाना क्षेत्र में जहां-जहां रुकी थी, वहां के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। इस दौरान एक कैमरे में किशोर का बैग लेकर बस से बाहर निकलते कुछ लोग देखे गए। इस फूटेज के आधार पर यह तो साफ हो गया है कि बैग चोरी हुआ है। इसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने का प्रयास करते हुए उनकी खोजबीन कर रही है।

#### व्यापारी से भी पूछताछ

इधर इस मामले में सराफा व्यापारी से भी पुलिस ने घंटों पूछताछ की है। पुलिस को इस मामले में संदेह है कि चोरी हुए बैग में नकदी सहित एक करोड़ रुपए के सोने के गहनें थे भी या नहीं। बहरहाल क्षेत्र की पुलिस इस मामले में बैग चोरी करने वाले आरोपियों को तलाश कर रही है।

#### एफआईआर दर्ज

एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा बिलासपुर के अनुसार व्यापारी की रिपोर्ट पर चोरी की एफआईआर थाने में दर्ज की है। फूटेज के आधार पर संदेहियों की पतासाजी की जा रही है।

## ढाबा में शराब का अवैध कारोबार देशी-विदेशी ब्रांड की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिले के खरोरा क्षेत्र के ग्राम चिचोली में संचालित एक ढाबा में अवैध रूप से शराब का कारोबार किया जा रहा था। इस ढाबा में शराब की अवैध बिक्री के साथ ग्राहकों को परोसी भी जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम ने ढाबा में छापा मारते हुए यहां से देशी और विदेशी शराब जब्त की है, वहीं ढाबा संचालक को भी गिरफ्तार किया है।

आबकारी जिला अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि ग्राम चिचोली में संचालित शान ए पंजाब ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना विभाग को मिली थी। इस सूचना पर विभागीय टीम ने ढाबा में छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान ढाबा के एक कमरे से शोले ब्रांड की 160 पाव देशी मसाला एवं जिप्सी ब्रांड की 40 पाव विदेशी व्हिस्की बरामद की गई है। इस प्रकरण में ढाबा संचालक अमरपाल सिंह चावला निवासी चिचोली के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध कायम किया है।

#### कई महीनों से चल रहा था शराब बिक्री का अवैध कारोबार

विभागीय सूत्रों के अनुसार ढाबा में पिछले कई महीनों से शराब की अवैध बिक्री के साथ यहां ग्राहकों को शराब परोसी भी जाती थी। इसके कारण ढाबा में देर रात तक ग्राहकों का जमावड़ा भी लगा रहता था। विभाग की छापामार टीम में आबकारी उपनिरीक्षक सिल्विया सुमन, सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उप निरीक्षक नीलम स्वर्णकार, प्रकाश देशमुख, मेधा मिश्रा, प्रीति कुशवाहा शामिल रहे।

## संभागायुक्त ने गांजा बिक्री के आरोपी को तीन माह के लिए भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एसएसपी के प्रतिवेदन के आधार पर सुनवाई कर सुनाया फैसला

रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने मंगलवार को एक प्रकरण में गांजा बिक्री के आरोपी को 3 माह के लिए जेल भेजने की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा आरोपी के विरुद्ध प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई।

#### सुनवाई करते हुए जारी किया आदेश

आरोपी आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है तथा अवैध गांजा बिक्री के व्यवसाय में संलिप्त है। उसके अपराधिक कृत्यों से आसपास के लोगों में आक्रोश व्याप्त है, साथ ही नशे के अवैध कारोबार से जनता के स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर



प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संभागायुक्त ने इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए तथ्यों, साक्ष्यों एवं प्रस्तुत शपथ कथनों पर विचार के बाद यह पाया कि आरोपी के विरुद्ध पिट एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। कावरे ने उक्त तथ्यों के आधार पर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (अवैध व्यापार निवारण) अधिनियम 1988 की धारा 11 के तहत पुनीत को तीन माह के लिए केंद्रीय जेल भेजने का आदेश दिया। संभागायुक्त ने बताया कि संभाग में पुलिस ने 56 प्रकरण भेजे हैं। इनमें से 26 लोगों पर कार्रवाई की गई है, वहीं शेष में कार्रवाई जारी है।

## मानसून की विदाई के बाद मौसम में ठहराव, धीरे-धीरे बढ़ेगी ठंड

**रायपुर।** मानसून की विदाई के बाद मौसम में कुछ दिनों तक ठहराव रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में होने वाली धीमी गिरावट के बीच दिन में उमस वाली बेचैनी रहेगी। अभी रात और दिन के तापमान में दस डिग्री से ज्यादा का अंतर रहने की संभावना है। रात में ठंड का स्पष्ट प्रभाव माह के अंतिम दिनों में महसूस होने की संभावना है। सोमवार को कांकेर छोड़ चुका मानसून मंगलवार को लगभग प्रदेश से विदा हो चुका है। वातावरण में अभी नमी की पर्याप्त मात्रा मौजूद है, इसलिए कुछ एक स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना भी बनी हुई है। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून की विदाई के बाद भी आर्द्रता की मात्रा बनी रहती है। इसके कम होने और मौसम में शुष्कता आने तक दिन में उमस वाली बेचैनी रहने की संभावना है। अक्टूबर के अंत तक ही रात्रि में ठंड की उपस्थिति का अनुभव होगा। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कुछ इलाकों में बारिश हुई है।

## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



### विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि: सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025- 26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है ।इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन , जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
**बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)**
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
**84353 86927, 98271 28346**
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur






18

साय बोले- मानक चिन्ह से मिलावट...

**सिटी लाइव**

## योग केवल तन ही नहीं, मन को भी मजबूत बनाता है




**रायपुर।** योग विज्ञान विभाग व श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी नवा रायपुर और छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में सर्किट हाउस में एक दिवसीय योग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विदेशी योग साधक भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने की। दावड़ा यूनिवर्सिटी के सीईओ चिन्मय दावड़ा और डायरेक्टर जनरल डॉ. चार्मी दावड़ा व मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रूपनारायण सिन्हा ने योग के लाभ पर जोर देते हुए कहा कि योग हजारों वर्षों से भारत की पहचान है और यह केवल तन ही नहीं, मन को भी मजबूत बनाता है। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि योग अपनाकर हम अपनी ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रसन्नता बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में योग को शामिल करने से आमूलचूल परिवर्तन देखा जा सकता है।

**कैंपस इवेंट**

## गुरुनानक देवजी के 557वें प्रकाश पर्व की तैयारियां शुरू



**रायपुर।** सिख गुरु गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व को लेकर गुरुवार को गुरुद्वारा स्टेशन रोड में रायपुर शहर की सभी गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने की। इस दौरान प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन और खालसा स्कूल में जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 2 नवंबर को नगर कीर्तन गुरुद्वारा स्टेशन रोड से निकलकर श्री गुरुनानक चौक, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, मरीन ड्राइव होते हुए श्याम नगर गुरुद्वारा पहुंचेगा। 5 नवंबर को खालसा स्कूल में जयंती मनाई जाएगी। अमृतसर दरबार साहब के जनरल सिंह और गगनदीप सिंह (गंगानगर वाले) संगत को कीर्तन से निहाल करेंगे। इस बार भी युवाओं द्वारा बाइक स्टंट और आतिशबाजी की मनाही रहेगी। बैठक में सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंग, हरकिशन सिंग, सुरेंद्रपाल सिंग ढिल्लो, कुलवंत सिंग, मंजीत सिंग कलगीधर आमानाका, तिलक सिंग सहित कई गुरुद्वारा समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## नशा सिर्फ शरीर नहीं, जिंदगी भी खत्म करता है, बताएगी फिल्म गैंग्स ऑफ रायपुर



**रायपुर।** समाज में नशे की बढ़ती लत न केवल व्यक्तियों की सेहत, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को लील रही है। इन्हीं सच्चाइयों को सामने लाने वाली 'गैंग्स ऑफ रायपुर' फिल्म का एक जागरूकता आधारित गीत 'करते हैं जो नशा' का विमोचन 14 अक्टूबर को रायपुर में हुआ। यह फिल्म उन कहानियों को बयां करती है, जो हमारे आसपास कहीं चुपचाप घट रही हैं। यह फिल्म सिर्फ एक रचना नहीं, बल्कि समाज को झकझोरने वाली चेतावनी है कि नशा किसी भी हाल में विकल्प नहीं हो सकता। इस फिल्म में दिखाया गया है कि नशा कैसे व्यक्ति की सोच, आत्मसम्मान और संबंधों को निगल जाता है, लेकिन फिल्म सिर्फ दुख और बर्बादी तक सीमित नहीं है, यह उम्मीद की भी बात करती है। इसका मूल संदेश है "जिंदगी दोबारा भी संभाली जा सकती है, अगर इरादा मजबूत हो।"

### युवाओं को नशे के खतरों से आगाह करेंगे

फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर प्रोड्यूसर साजिद खान, डायरेक्टर को प्रोड्यूसर के. शिव कुमार और को प्रोड्यूसर दीपेश कुकरेजा ने इसे एक सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए बनाया है। उनका मानना है कि यह फिल्म खासकर युवाओं को सोचने पर मजबूर करेगी कि नशा किसी भी रूप में समाधान नहीं, बल्कि विनाश की शुरुआत है। इस फिल्म को युवा प्रतिभाओं की एक समर्पित टीम ने तैयार किया है। टीम का कहना है कि यह फिल्म किसी प्रचार या लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से बनाई गई है।कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के जाने-माने ख्यातिप्राप्त कवि मीर अली मीर ने अपने कविताओं से राज्य के वर्तमान परिस्थितियों की व्याख्या की है। इस दौरान विभिन्न समाज के लोग उपस्थित रहे।

**प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं राष्ट्रपति कलाम के विजन को साकार करते युवा, नई तकनीक से तैयार कर रहे आधुनिक मशीन**

# क्रिएटिव सोच से युवाओं का कमाल, स्टार्टअप्स ने कृषि, हेल्थ और लाइफ स्टाइल में लाया नया समाधान

*इन दिनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने इनोवेटिव आइडियाज के साथ स्टार्टअप प्लान को बेहतर कॅरियर के रूप में चुन रहे हैं। पहले जहां कॉलेज के छात्रों के प्लान बड़ी इंडस्ट्रीज तक नहीं पहुंच पाते थे, वहीं उन्हें नवाचार के जरिए पहचान मिल रही है। अब छात्र अपनी कामयाबी की सीढ़ी खुद तैयार कर रहे हैं और उन्हें साकार करने के लिए वे पढ़ाई के साथ-साथ अपना पूरा समय नवाचार को दे रहे हैं। छात्रों के अधिकतर प्लान विज्ञान की नवीन तकनीकों से जुड़े होते हैं, जो लोगों के काम को सरल बनाने का कार्य करते हैं।*

**रायपुर।** बदलते वक्त के साथ कॉलेज के छात्रों ने नवाचार का हाथ थामा है, जो उनके नए बिजनेस प्लान की मजबूत नींव बन रहा है। आज 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रख्यात वैज्ञानिक, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती देशभर में विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्रों द्वारा की जा रही नई खोज और उपलब्धियों को सराहना है। इस अवसर पर हरिभूमि ने भी एनआईटी रायपुर और दिशा कॉलेज के छात्रों के कुछ नए स्टार्टअप प्लान को समझने का प्रयास किया है, जो आम लोगों के मुश्किल काम को सरल बनाने का प्रयास करेगा।

### प्लान 1
### कृषि

किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से एनआईटी के मैकेनिकल विभाग से आर्यन सिंह और हार्दिक सिंग ने कृषि हब मोबाइल एप्लीकेशन और आईओटी डिवाइस डिटेक्टर मशीन तैयार की है। इसके कोर फाउंडर मिलेन सेन है।



चर्चा में आर्यन सिंग ने बताया कि कृषि हब मोबाइल एप्लीकेशन किसानों को फसल बेचने में मदद करेगा। उदाहरण के तौर पर बड़ी कंपनियों को फसल बेचने के लिए किसानों को मंडी से टोकन लेना होता है, जहां सिर्फ 100 टोकन मिलते हैं और इसके लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है, लेकिन एप की मदद से ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी जाएगी, साथ ही सौ से अलावा अन्य किसान इस एप में अपनी फसल की जानकारी दे सकेंगे, ताकि दूसरे खरीदार किसानों से सीधे संपर्क कर सकते हैं। दूसरा प्लान आईओटी डिवाइस डिटेक्टर मशीन है, जो किसानों को उनकी फसलों की गुणवत्ता व बीमारी की जानकारी देगी। इससे फसल की बीमारी और बचाव के उपाय मिलेंगे। देश की फसल बाजार कंपनी ने आईओटी डिवाइस डिटेक्टर मशीन का बड़े स्तर पर ऑर्डर दिया है, इससे हमारे स्टार्टअप प्लान को नई दिशा मिलेगी।




### प्लान 3
### लाइफ स्टाइल

दिशा कॉलेज से बीबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों दीक्षा सिन्हा, प्रांजल तिवारी, सिद्धि कौशिक, आर्यन बघेल और राहुल भार्गव ने मिलकर वेस्ट टायर के इस्तेमाल में सुंदर होम डेकोरेटिव प्रोडक्ट तैयार किया है। छात्रा दीक्षा सिन्हा ने बताया कि कुछ दिनों पहले कॉलेज में वेस्ट से बेस्ट एग्जिबिशन का आयोजन किया गया, जहां सभी विभाग के छात्रों ने वेस्ट मटेरियल के प्रयोग से एग्जिबिशन में स्टार्टअप प्लान तैयार किया। हमारी टीम ने बेकार टायर के इस्तेमाल से आरामदायक टेबल और चेयर तैयार की, जो लोगों का काफी पसंद आई। ऐसे में मात्र एक माह में ही दो ऑर्डर भी मिले हैं, इस प्लान के साथ हम आगे बिजनेस बढ़ा सकते हैं।



### प्लान 2
### हेल्थ

फिटनेस प्रेमियों की जरूरतों को समझते हुए एनआईटी के छात्र विपुल कुमार यादव और सौम्य गुप्ता ने जिम लवर्स के लिए प्रोटीन शेक वेंडिंग मशीन का न्यू स्टार्टअप आइडिया तैयार किया है। सौम्य ने बताया कि एक रिसर्च के अनुसार, देश के लगभग 2.5% युवा नियमित जिम जाते हैं और प्रोटीन शेक उनकी डेली डाइट का हिस्सा बन चुका है, लेकिन रोज शेक तैयार करना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। इसी समस्या को देखते हुए यह मशीन डिजाइन की गई है, जो यूजर्स को प्रोटीन शेक उपलब्ध कराएगी। इस वेंडिंग मशीन में फिल्टर्ड वॉटर और प्रीमियम क्वालिटी प्रोटीन पाउडर स्टोर रहेगा। यूजर अपनी पसंद के अनुसार फ्लेवर और मात्रा चुनकर खुद शेक तैयार कर सकेगा। यह मशीन खासतौर पर जिम, कॉलेज कैंपस और फिटनेस सेंटरों के लिए उपयोगी है।

**विश्व मानक दिवस पर भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा ने किया मानक महोत्सव का आयोजन**

## बीआईएस ने बोतलबंद पानी, हेलमेट, खिलौने गहनों समेत 22 हजार वस्तुओं का तय किया मानक

**रायपुर।** विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा द्वारा मानक महोत्सव का आयोजन साइंस कॉलेज स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे रखा गया। मानक महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मानक महोत्सव में उपस्थितजनों को गुणवत्ता की शपथ दिलाते हुए मानकीकृत उत्पादों को बढ़ावा देने और बीआईएस के प्रयासों में भागीदारी निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मानकों की स्थापना में विशेष योगदान देने वाले मानक क्लबों, संस्थाओं और मेंटर्स का सम्मान किया। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक समय था, जब सोने जैसी धातुओं की शुद्धता का पता लगाना कठिन था, लेकिन आज हर उपभोक्ता बीआईएस हॉलमार्क देखकर ही आभूषण खरीदता है। बीआईएस का हॉलमार्क अब उपभोक्ता भरोसे का प्रतीक बन चुका है। आज बीआईएस द्वारा बोतलबंद पानी, हेलमेट, खिलौने, गहनों से लेकर करीब 22 हजार वस्तुओं को मानक चिन्ह प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि विश्व मानक दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं और समाज में मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वहीं भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा कार्यालय के निदेशक एसके गुप्ता ने बीआईएस का प्रत्येक मानक उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के प्रति समर्पित बताया। इस मानक महोत्सव में बीआईएस वैज्ञानिक, अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और मानक के मेंटर्स मौजूद रहे।



### शैक्षणिक संस्थानों के नवाचारी स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

*गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी के विद्यार्थियों ने रक्तचाप जांचने की मशीन और मिट्टी की नमी मापने की मशीन तैयार की। पं. आरडी तिवारी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने "एक्सप्लोरर रोबोट" प्रस्तुत किया, जो अंधेरे और दुर्गम स्थानों में रास्ता खोजने में सक्षम है। यह रोबोट खदानों और औद्योगिक स्थलों पर उपयोगी सिद्ध हो सकता है। वहीं गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अंडा के विद्यार्थियों ने स्मार्ट ट्रेन का मॉडल तैयार किया, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी साबित होगा।*

### बीआईएस केयर एप से होगी आभूषणों की मानक जांच

*बीआईएस की रायपुर शाखा द्वारा लगाए गए स्टॉल में उपभोक्ता जागरूकता संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रतिनिधियों ने बताया कि बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से उपभोक्ता स्वयं आईएसआई, एचयूआईडी और हॉलमार्क युक्त आभूषणों की प्रमाणिकता जांच सकते हैं। एप के जरिए उत्पाद की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतें दर्ज करने और आईएसआई मुहर के दुरुपयोग की सूचना देने की सुविधा भी उपलब्ध है। यह पहल उपभोक्ता सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा।*

## खादी को अपनाने चरखा चलाकर किया जागरूक



**रायपुर।** गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में खादी ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के छत्तीसगढ़ राज्य कार्यालय द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा रैली आयोजित की गई, जिसमें 125 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं की रैली कलेक्ट्रेट परिसर, नगर घड़ी चौक, शास्त्री चौक से होते हुए महाविद्यालय परिसर पहुंची। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डॉ. कुलदीप वर्मा, सहायक निदेशक संदीप शर्मा, सहायक निदेशक अनूप कुमार श्रीवास्तव, सहायक निदेशक एमपी रावत तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष अजय तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने कार्यक्रम का बहुत आनंद लिया और स्वयं चरखा चलाकर खुश हुईं।

**पारंपरिक डिजाइन में सजी वस्तुएं लोगों की पहली पसंद**

**कार्नर न्यूज**

# झालर, झूमर और हैंडमेड तोरण से सजा बाजार दीपावली की खरीदारी में देर रात तक भीड़



**रायपुर।** दीपावली पर्व अब नजदीक है और शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। लोग घर की साज-सज्जा के लिए होम डेकोरेटिव सामान खरीदने बाजार का रुख कर रहे हैं। गोलबाजार, सुंदर नगर, गुढ़ियारी, राजेंद्र नगर, कालीबाड़ी चौक और कोतवाली चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर सड़कों के किनारे छोटे-छोटे स्टॉल्स सज गए हैं, जहां अन्य राज्यों के झालर, लालटेन, झूमर और आर्टिफिशियल फूलों की खरीदारी जोरों पर है। इन स्टॉल्स पर देर रात तक भीड़ बनी रहती है, मुख्य बाजार में रोजाना सैकड़ों की संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं। दुकान संचालकों ने बताया कि इस साल पारंपरिक डिजाइन और हैंडमेड वस्तुएं लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। धार्मिक और पारंपरिक संस्कृति की झलक अब साज-सज्जा की वस्तुओं में भी देखने को मिल रही है, जो लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र है। जैसे लालटेन पर श्रीगणेश, मां लक्ष्मी, श्रीकृष्ण, शंकर-पार्वती समेत कई देवी-देवताओं की तस्वीर है, जो खरीदारों को खास पसंद आ रही है।

### हैंडमेड लालटेन, आर्टिफिशियल फ्लॉवर गारलैंड की मांग



दुकान संचालक पिंकी गुप्ता ने बताया कि इस बार दिल्ली और मुंबई से डिजाइनर झालर, लालटेन और झूमर मंगवाए गए हैं। इन्हें क्रिस्टल, मिरर वर्क, मोती और चमकदार कपड़ों से सजाया गया है, जो खरीदारों की पहली पसंद है। बाजार में स्वदेशी होम डेकोरेशन वस्तुओं की खरीदी भारी संख्या में हो रही, ऐसे में 50 रुपए से लेकर 3 हजार तक की सजावटी वस्तुएं दुकान में उपलब्ध हैं। दुकान में डिजाइनर एलईडी झालर, मिरर वर्क झूमर, कपड़े और कागज के हैंडमेड लालटेन, आर्टिफिशियल फ्लॉवर गारलैंड, लाइटिंग बोर्ड और हैंडमेड रंगोली सेट की खरीदारी हो रही।



### हैंडमेड तोरण में पारंपरिक डिजाइन

इस साल दीपावली पर बाजारों में हैंडमेड और पारंपरिक सजावटी वस्तुओं की मांग देखने को मिल रही है। दुकान संचालक रेशमा जैन ने बताया कि इस बार हैंडमेड तोरण खासतौर पर महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इन तोरण को आकर्षक ढंग से मोरपंख, क्रिस्टल, मोती, गोल्डन-सिल्वर लेस और पैचवर्क से सजाया जा रहा है, जो इन्हें पारंपरिक और रॉयल लुक देते हैं। तोरणों के डिजाइनों में भी विशेष बदलाव किया गया है, इनमें देवी-देवताओं की तस्वीर, बांसुरी, पशु-पक्षी, दीपक और फूलों की आकृतियों से सजाया जा रहा। लोगों को पारंपरिक डिजाइन में सजी वस्तुएं पसंद आ रही हैं।


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
25
श्री राजीव अग्रवाल
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
श्री लखन लाल देवांगन
वाणिज्य-उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्य कर (आबकारी), श्रम मंत्री छ.ग.
छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं !
ATUL PUBLICITY
डॉ. मनीष कुमार मंडल (अध्यक्ष)
निशांत खेतान (सचिव)
CGSIMA
CHHATTISGARH SPONGE IRON MANUFACTURERS ASSOCIATION
छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन
संजय त्रिपाठी (अध्यक्ष)
बांके बिहारी अग्रवाल (सचिव)
छत्तीसगढ़ स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन
अशोक कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष)
मनीष धुप्पड़ (सचिव)
MSP
छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन

## खबर संक्षेप



### शान ए पंजाब ढाबा में अवैध शराब जब्त

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चिचोली के शान ए पंजाब ढाबा में आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैधशराब जप्त किया गया है, काफी लंबे अरसे से यहां पर अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी, सूचना पर आबकारी विभाग ने उक्त ढाबे में छापेमारी कर 160 पौव्वा देसी मदिरा मसाला शराब व 40 पौव्वा विदेशी मदिरा व्हिस्की जप्त की गई, आबकारी विभाग ने आरोपी ढाबा संचालक अमरपाल सिंह चावला को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### गड्ढे हुए दुरुस्त, राहत की सांस ले रहे वाहन चालक

**आरंग।** फोरलेन से गुजरा रेलवे फाटक के बीच ऑयल डिपो व गुजरा बस्ती मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या अखबार में प्राथमिकता के साथ खबर प्रकाशित होने के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। खबर के असर से जिम्मेदार विभाग ने मौके पर पहुंचकर गड्ढों की मरम्मत का कार्य शुरू किया और मार्ग को दुरुस्त कर दिया। गौरतलब है कि यह मार्ग अत्यंत व्यस्त है।

## खेती किसानी : पानी भरे खेतों में काम करने में परेशानी, कटाई में देरी, मशीनों का चलना मुश्किल

# खेतों में भरा पानी, हरहुना धान की कटाई थमी फसल सड़ने का खतरा, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग क्षेत्र में कम दिनों में पकने वाली 'हरहुना' किस्म की धान की कटाई का समय शुरू हो गया है, लेकिन मानसून की विदाई से ठीक पहले हुई भारी बारिश ने किसानों की मेहनत पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। खेतों में जलभराव और कीचड़ की स्थिति के कारण कटाई कार्य ठप पड़ गया है। किसानों के अनुसार, हरहुना धान अक्टूबर के पहले पखवाड़े में काटी जाने वाली किस्म है, लेकिन इस साल खेतों में पानी भरने से कटाई सामान्य रूप से शुरू नहीं हो पाई है। जलभराव के कारण हार्वेस्टर मशीनें खेतों में नहीं उतर पा रही हैं। मजदूरों को भी कीचड़ भरे खेतों में काम करने में भारी परेशानी आ रही है। ग्राम नारा के किसान कैलाश वर्मा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, फसल तो अच्छी हुई है, लेकिन खेतों में पानी भरने और पौधों के गिरकर जमीन में लिपटने के कारण हम समय पर कटाई नहीं कर पा रहे हैं। फसल खेत में ही खराब न हो जाए, यही डर सता रहा है। कटाई में देरी से पकी हुई फसल के गिरने और सड़ने का खतरा भी बढ़ गया है।

■ कटाई में देरी से पकी हुई फसल के गिरने और सड़ने का खतरा बढ़ा



### किसान कर रहे पानी निकासी के प्रयास

किसान अपने स्तर पर खेतों से पानी की निकासी की व्यवस्था करने में जुटे हैं ताकि जल्द से जल्द कटाई शुरू की जा सके। उनकी सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि अगले कुछ दिनों में खेतों का पानी नहीं सूखा तो पकी हुई फसल को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

### मौसम विभाग से मिली राहत

कृषि विभाग के अनुसार, आगामी एक सप्ताह तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। यदि मौसम शुष्क रहा तो खेतों में भरा पानी जल्द ही सूख जाएगा, जिससे कटाई कार्य में तेजी आने और किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। पूरे क्षेत्र के गाँवों में किसानों के बीच यही चर्चा है कि अगर मौसम ने साथ दिया तो जल्द ही खेतों में फिर से कटाई की गूंज सुनाई देगी।

### धान में पेनिकल माइट का बढ़ता प्रकोप

**आरंग।** धान के खेतों में इस बार पेनिकल माइट धान की बालियों का लाल दाना में परिवर्तन का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है लाल दाना में चावल नही बनता जिससे किसानों की चिंता गहराती जा रही है। पहले से ही विभिन्न किट व्याधि सहित भूरे माहो (ब्राउन प्लांट हॉपर) की मार झेल रहे किसानों के सामने अब यह नई समस्या खड़ी हो गई है। लगातार बदलते मौसम और असंतुलित कीटनाशक प्रयोग के चलते यह कीट नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि साल दर साल पेनिकल माइट की बढ़ती मात्रा शोध का गंभीर विषय बन चुकी है, जिस पर ठोस वैज्ञानिक पहल की आवश्यकता है। कई किसानों ने बताया कि धान की बालियों पर लाल रंग के छोटे-छोटे दाने जैसी गांठें दिख रही हैं, जिनके अंदर कीड़े पनप रहे हैं। यही पेनिकल माइट का प्रमुख लक्षण है। इसकी वजह से बालियों में दाने ठीक से विकसित नहीं हो पाते और उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है। कई खेतों में उपज में 20 से 30 प्रतिशत तक की गिरावट गिरावट की संभावना से इनकार नही किया जा सकता।किसानों का कहना है कि भूरे माहो के बाद अब तना छेदक के अलावा पेनिकल माइट ने धान को जकड़ लिया है, जिससे लगातार नुकसान झेलना पड़ रहा है। बाजार में मिलने वाले कीटनाशक दवाओं का असर भी सीमित देखा जा रहा है। ग्राम लखोली रीवा कुकरा भानसोज चंदखुरी, आरंग, क्षेत्र के कई किसानों ने बताया कि समय पर छिड़काव करने के बावजूद कीटों का प्रकोप कम नहीं हुआ।कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पेनिकल माइट की वृद्धि का संबंध जलवायु परिवर्तन और फसल चक्र की गड़बड़ी से भी है। यदि इस पर शीघ्र नियंत्रण नहीं पाया गया तो आने वाले वर्षों में यह धान की उत्पादकता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

### फसलों की सुखा दी बाली

किसानों ने सुझाव दिया है कि कृषि महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें इस कीट की पहचान, रोकथाम और जैविक नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी जाए। विशेषज्ञों का मत है कि लगातार बढ़ता यह प्रकोप शोध का विषय होना चाहिए। कृषि विश्वविद्यालयों को इस दिशा में अध्ययन कर यह पता लगाना चाहिए कि यह कीट किस परिस्थिति में अधिक सक्रिय होता है और कौन-से कारक इसके विस्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही, राज्य कृषि विभाग को समन्वित कीट प्रबंधन पद्धति को ग्राम स्तर तक लागू करने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर धान उत्पादन पर मंडरा रहे इस नए खतरे ने किसानों की नींद उड़ा दी है। एक ओर भूरे माहो का प्रकोप पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, वहीं दूसरी ओर पेनिकल माइट ने फसलों की बाली सुखा दी है। ऐसे में अब समय की मांग है कि कृषि वैज्ञानिक मैदान में उतरकर किसानों के साथ साझा मुहिम चलाएं, ताकि आने वाले मौसमों में यह समस्या और भयावह रूप न ले सके।

## यातायात व्यवस्था सुधारने व्यापारियों को दी समझाइश



**तिल्दा नेवरा।** आगामी त्योहारों, विशेषकर दीपावली के मद्देनजर, तिल्दा नगर पालिका क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका ने एक विशेष पहल की है। मंगलवार देर शाम प्रशासनिक अमले द्वारा क्षेत्र के व्यवसायियों को सहयोग प्रदान करने हेतु समझाइश दी गई। मंगलवार शाम को तहसीलदार रामप्रसाद बघेल, नायब तहसीलदार टोमन कुमार, सीएमओ अनीश ठाकुर और नेवरा पुलिस बल ने संयुक्त रूप से व्यापारियों से अपील की। उन्होंने व्यापारियों को निर्देश दिया कि वे दिवाली के पावन त्यौहार पर आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए सहयोग करें। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों को मुख्य रूप से सड़क पर सामान नहीं रखने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई तरह की समझाइश दी। यह कार्रवाई मंगलवार देर शाम तक सड़कों पर जारी रही, ताकि बाजार में भीड़ बढ़ने से पहले व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## 7 खिलाडियों का बेसबॉल राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन



**अभनपुर।** पीएमश्री प्राथमिक शाला खोरपा के विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल की है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 में स्कूल के कई विद्यार्थियों का बेसबॉल खेल में चयन हुआ है, जिससे विद्यालय और क्षेत्र दोनों में हर्ष की लहर है, अंडर-14 श्रेणी में तेजस्विनी साहू, अंडर-17 बालक वर्ग में विजय केवट, तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में काजल कुर्रे और मानसी पटेल का चयन किया गया है। वहीं अंडर-19 श्रेणी में देवा साहू (बालक), मुस्कान साहू और ख्याति साहू (बालिका) ने अपनी प्रतिभा से चयन समिति को प्रभावित किया। इन खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय विद्यालय के कोच विशाल पेशवानी और हेमंत कुमार वर्मा को जाता है, जिनकी सतत मेहनत, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से छात्र खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। चयनित खिलाड़ी अब 15 से 18 अक्टूबर 2025 तक बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय परिवार एवं अभनपुर क्षेत्रवासियों ने खिलाडिय़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



## नारायण बन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन आरंग द्वारा साप्ताहिक मंगलवार सुंदरकांड पाठ एक वर्ष पूरा होने पर श्री नारायण वन हनुमान मंदिर महामाया तालाब आरंग में भगवान हनुमान जी को 51 पीपल के पत्तों पर राम नाम लिखकर माला पहनाया तथा आरती मंत्रोचार के साथ पूजा पाठ किया गया तथा सामूहिक सुंदरकांड पाठ रामायण पाठ हनुमान चालीसा, राम स्तुति कर भगवान हनुमान जी को गुड़ चना का भोग लगाकर तथा विश्व में शांति, सब की मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना किया गया। इस आयोजन में मानस लोधी, हीरालाल साहू, अवध विश्वकर्मा, अशोक साहू, याददाश्त मानिकपुरी, सीताराम यादव, ग़ैंदलाल धीवर, भुवन साहू, ओंकार विश्वकर्मा, संतोष लाल लोधी, लक्ष्मीनाथ साहू, परमानंद जलक्षत्री, धनऊ धुरंधर, पुरानीक हिरवानी, मनरन साहू, तोष कुमार साहू, प्रेमवर्मा, नरेंद्र द्विवेदी, विनोद गुप्ता, उपेंद्र साहू, देवशरण साहू इन सभी सदस्यों ने श्री रामचरितमानस के पावन प्रसंग पर सारगर्भित व्याख्यान एवं विचार प्रस्तुत किए, जिसमें ज्ञान भक्ति वैराग्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों का समावेश देखने को मिला। जिससे जनमानस को श्रीराम के आदर्श पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा मिलती है तथा गणमान्य वरिष्ठ नागरिक धनऊ धुरंधर को श्रीफल रामनाम गमछा से सम्मानित किया गया।

## अभनपुर साहू समाज भवन का हुआ भूमि पूजन, विधायक ने शिक्षा पर दिया जोर



**अभनपुर।** अभनपुर परिक्षेत्र साहू समाज मे विधायक इन्द्रकुमार साहू के आतिथ्य मे भवन भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के नव निर्वाचित ग्राम इकाइयों के पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां शिक्षा में आगे बढ़ रही हैं, जबकि लडक़े पिछड़ रहे हैं, जिससे बेटी-रोटी संबंधों में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, युवकों की शिक्षा में कमी के कारण अंतरजातीय विवाहों के प्रकरण बढ़ रहे हैं, जो समाज के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने समाज के सदस्यों से आग्रह किया कि वे हर घर में शिक्षा और संस्कार का वातावरण बनाएं ताकि समाज मजबूत और आत्मनिर्भर बन सके। बता दे कि विधायक श्री साहू द्वारा पूर्व मे भवन निर्माण हेतू विधायक निधि से 15 लाख रूपये की स्वीकृति दिया गया था। इस दौरान पवन गुरु, सचिन टेकचंद साहू, राघवेंद्र साहू, जीवन साहू, रूपनारायण साहू, हेमलता साहू, मीना साहू, तुलेश साहू, मोहन साहू, प्रहलाद साहू सहित परीक्षेत्र के 33 ग्रामों के अध्यक्ष, पदाधिकारी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## अभनपुर बस्ती में 10.51 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

**अभनपुर।** पीएम श्री प्राथमिक शाला अभनपुर बस्ती में मंगलवार को दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। इन कार्यों में बालवाड़ी अतिरिक्त कक्षा कक्ष भवन (लागत 8.70 लाख) और बालिका शौचालय भवन (लागत 1.81 लाख) शामिल हैं। इन दोनों निर्माण कार्यों की कुल लागत 10.51 लाख है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू थे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने की। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अमीर, गरीब, छोटा या बड़ा अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाला समय शिक्षा का है, और अब अशिक्षित व्यक्ति को मजदूरी मिलना भी कठिन हो जाएगा।

इस कार्यक्रम में बीईओ धनेश्वरी साहू, सहायक बीईओ राजेश साहू, प्रधान पाठक राममिलन सोनवानी, संकुल समन्वयक टीआर रात्रि और गोपेश साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पेज 13 के शेष...

### शहर की 42 टंकियां...

रहेगा। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र के मुताबिक 80 एमएलडी, 150 एमएलडी प्लांट और 80 एमएलडी के नया प्लांट से भरने वाली 42 टंकियां इससे प्रभावित होंगी। इसीलिए 16 अक्टूबर को शाम के समय जलप्रदाय नहीं होगा। सुबह के समय नियमित रूप से जल आपूर्ति के बाद प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा।

**शहर ये टंकियां रहेंगी प्रभावित :** डगनिया, गंज, गुढियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी, ईदगाहभाठा पुरानी टंकी एवं श्याम नगर तथा 150 एमएलडी प्लाट से भरने वाली पानी टंकियों में भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडी नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेडा एवं नया 80 एम एलडी प्लांट से भरने वाली टंकियां बैरन बाजार नया एवं देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर एवं मोतीबाग टंकी 16 अक्टूबर को सुबह जलप्रदाय होने के पश्चात शाम को जलप्रदाय नही होगा। संधारण कार्य पूरा होने के बाद 17 अक्टूबर को सुबह जलप्रदाय नियमित रूप से होने लगेगा। इसके अलावा शहर में स्थित अन्य जलागारों एवं पावर पंपों से जलप्रदाय यथावत रहेगा।

<B>0 डिमांड पर पानी टैंकर की रहेगी वैकल्पिक व्यवस्था

नगर निगम के जल विभाग द्वारा गुरुवार को शाम के समय शहर की 42 पानी टंकियों से जल आपूर्ति बाधित रहने पर प्रभावित इलाकों में डिमांड पर जोन के

माध्यम से पानी टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी। शहरवासियों से आग्रह किया गया है 16 अक्टूबर की सुबह नियमित जल आपूर्ति के दौरान शाम के लिए अपनी सुविधा अनुसार पानी बचाकर उपयोग के लिए सुरक्षित रख लें।

### हड़ताल के नाम ...

में माना जाता है तथा कर्मचारियों द्वारा ऐसे कृत्य किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्री परियल ने विभाग प्रमुखों को हड़ताल में शामिल होने वाले कर्मचारियों की जानकारी तथा कार्रवाई के संबंध में मानव संसाधन विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि कार्य प्रभावित न हो, ऐसी स्थिति के लिए सभी विभाग प्रमुखों को तैयार रहना होगा तथा उपलब्ध संसाधनों एवं कर्मियों से कार्यों का संचालन करना होगा। विद्युत विभाग अति आवश्यक सेवाओं में शामिल है जिसके सुचारू संचालन एवं जनहित में कार्य करने के लिए कर्मी संकल्पबद्ध रहे।

## 37 गांवों के खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ आरंग के भानसोज में जोन स्तरीय सांसद खेल हुआ महोत्सव

लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सोमवार को ग्राम भानसोज स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस खेल महोत्सव में आसपास के 37 गांवों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सभापति अमर मांडले ने टॉस कराते हुए किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बनाते हैं। ग्राम पंचायत भानसोज के सरपंच जगमोहन बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि इनमें अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। महोत्सव में पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों का समावेश किया गया था, जिनमें खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, भारोत्तोलन, शतरंज, फुगड़ी, रस्साकस्सी और रस्सीकूद जैसे खेलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मैदान में उत्साह और उमंग का अद्भुत माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें शिक्षा विभाग के बीईओ दिनेश शर्मा, बीआरसीसी एम.एन. वर्मा, सुरेंद्र सिंह, चंद्रसेन, नोडल प्राचार्य वंदना पाटिल, जनपद सदस्य महेश साहू, एसएमसी अध्यक्ष भूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अली मैडम, महिला बाल विकास अधिकारी रितु परिहार, खेल प्रभारी राकेश प्रधान, संकुल समन्वयक धनंजय साहू, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अमर मांडले ने की।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2550 दिनांक 18.03.2009 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - EWS-II-46/005 को श्री कलीम काजी पिता श्री कयामुद्दीन काजी के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 27.01.2012 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री कलीम काजी पिता श्री कयामुद्दीन काजी, निवासीः- वर्मा किराना स्टोर के सामने अयोध्या नगर मठपुरेना रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री गगन कुमार वर्मा पिता श्री अशोक कुमार वर्मा, निवासीः- एफ / 288, अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी कुथरौद तहसील व जिला - बलौदाबाजार (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS-II-46/005 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### न्यायालय तहसीलदार अभनपुर

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः-जिला- **रायपुर** तहसील- **अभनपुर** प.ह.न.- **00013 सिवनी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक- RD202425441631500056**

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम सिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी शोभना पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर, रामजी पिता/पति-कार्तिक पता-मठपुरैना रायपुर, देवबती पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर योगेन्द्र पिता/पति महावीर पता मठपुरैना रायपुर, ममता पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर, पुष्पा पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर भरतलाल पिता/पति-कार्तिक पता- मठपुरैना रायपुर मोना पिता/पति महावीर पता-मठपुरेना रायपुर वर्षा पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1103/3 (0.4410), 1152/2 (0.4780), 1154/2(0.3240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पार्वती रामजी साहू पिता/पति-रामजी साहू पता-वार्ड नं. 60 शीतला पारा मठपुरैना सुंदर नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदारः-SITA SHUKLA**
**तहसील-अभनपुर**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जेम पोर्टल से खरीदी, सरकारी विभाग अब नहीं लगा पाएंगे फिजूल नियम-शर्तें, हर विभाग पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जेम पोर्टल से खरीदी में अनियमितता और गड़बड़ी के मामलों को लेकर सरकार सख्त हो गई है। अब सभी विभागों में जेम पोर्टल से होने वाली खरीदी पर नजर रखने के लिए कमेटी बनाई जा रही है। यह कमेटी जेम से खरीदी पर समुचित मानक मापदंड के अनुरूप खरीदी एवं अनावश्यक नियम एवं शर्त डालने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने का काम करेगी।


***ये है मामला :*** छत्तीसगढ़ में मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में सभी सरकारी विभागों की खरीदी जेम से करने का आदेश है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में यह सौदे भंडार क्रय नियम से स्थानीय विक्रेताओं के माध्यम से की जाती थी। लेकिन अब ये बात भी सरकार की नजर में आई है कि जेम पोर्टल से खरीदी में भी सरकारी विभाग अनियमितताएं कर रहे हैं। इस मामले को लेकर खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी कह चुके हैं कि जेम पोर्टल खरीदी में किसी प्रकार की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी।

***वाणिज्य उद्योग विभाग ने जारी किया निर्देश :*** जेम से खरीदी के मामले को लेकर सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने राज्य के सभी भार साधक सचिवों को पहले ही निर्देश जारी किया है। इसमें भी ये बात कही गई है कि कतिपय विभागों में जेम पोर्टल से खरीदी में कुछ अनियमितताएं सामने आई है।अब हर विभाग में नजर रखने एक समिति बनेगीवाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने जेम से खरीदी पर नजर रखने के लिए हर विभाग में क्रय की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण के लिए एक इकाई गठित करने का निर्देश दिया है। इस इकाई में उप सचिव से अनिम्न श्रेणी के एक अधिकारी, विभाग में पदस्थ वित्त सेवा के अधिकारी, या लेखा शाखा के प्रभारी को अनिवार्य रूप से शामिल करने कहा गया है। यह इकाई हर विभाग में गठित करने कहा गया है।

## अब सभी खरीदी जेम से, एक करोड़ से ज्यादा के सौदों पर रहेगी खास नजर

### एक करोड़ से अधिक की खरीदी पर खास नजर

सभी प्रशासकीय विभागों से कहा गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अधिक मूल्य के क्रय किए जाने वाले वस्तु, सेवा के क्रय पर विभागीय इकाई के माध्यम से समुचित पर्यवेक्षण किया जाए। विशेष रूप से ऐसी वस्तु ये सेवा जिसका क्रय मूल्य वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ रुपए से अधिक है के क्रय की अधिकारिता के विषय में वित्तीय अधिकारो की पुस्तिका का अवलोकन अपेक्षित है। इसके साथ ही ये भी कहा गया है कि 50 हजार रुपए से कम की वस्तु, या सेवा का क्रय जेम पोर्टल से किया जाए। किसी विशेष परिस्थिति में वित्त विभाग की पूर्व अनुमति के बिना अन्य माध्यम से क्रय नहीं किया जाए।




### नगरीय प्रशासन ने बनाई कमेटी

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के निर्देश के पालन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जेम पोर्टल से खरीदी के मामलों पर नजर रखने के लिए एक इकाई का गठन किया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि नगरीय निकायों में जेम पोर्टल के माध्यम से कय किये जा रहे सामग्रियों के समुचित मानक मापदंड के अनुरूप एवं खरीदी में अनावश्यक नियम एवं शर्त डालने के प्रवृत्ति को रोके जाने के संबंध में परीक्षण एवं निगरानी हेतु संचालनालय स्तर पर समिति का गठन किया जाता है। इस समिति में ये अधिकारी शामिल किए गए हैं। अभिषेक गुप्ता, कार्यपालन अभियंता, प्रकृति जगताप, सहायक अभियंता, तोरण शर्मा, प्रोग्रामर, संकेत शर्मा, सहायक प्रोग्रामर। यह समिति प्रत्येक सप्ताह समिति निकायों में जेम पोर्टल के माध्यम से कय किये जा रहे सामग्रियों का परीक्षण करेगी तथा परीक्षण रिपोर्ट प्रति सप्ताह संचालक को प्रस्तुत करेंगे।

## खबर संक्षेप



### डिप्टी सीएम साव को दी समस्याओं की अर्जी

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सहयोग केंद्र में 300 से अधिक कार्यकर्ता व आमजन पहुंचे एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर आवेदन दिए। बाद में उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा, कार्यकर्ताओं की ओर से प्राप्त आवेदनों पर सार्थक पहल करके सभी समस्याओं का तेजी से निराकरण किया जाएगा। प्रदेश की भाजपा सरकार सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, सहयोग केंद्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने, सुनील पिल्लई सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नया बस स्टैंड में बांटे दीये-रंगोली



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा एक दीया श्रीराम के नाम के दूसरे दिन मंगलवार को नया बस स्टैंड में दीया और रंगोली वितरित किए गए। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कि नया बस स्टैंड में यात्रियों एवं बस ड्राइवर कंडक्टर साथ में सफाई कर्मचारी और कुलियों को रंगोली पैकेट दिया गया। इसी दौरान जशपुर निवासी सोहन साहू ने कहा, पहला दीया अपने मंदिर में रामजी के नाम से जलाकर पूजा-अर्चना करूंगा। बीजेपी प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा, श्रीराम के जयकारे के साथ दिवाली का आगाज हुआ और बड़े संघर्ष के बाद श्रीराम मंदिर बना। दीया विरतण के अवसर पर तेजकुमार बजाज, चंदर देवानी, किशोर आहूजा, नरसा लालवानी, सुनील कुकरेजा, नितिन कृष्णानी, सुधीर रमानी, राजेश रेलवानी, मोहन वल्र्यानी, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, महेश खिलनानी आदि उपस्थित थे।

### बौद्ध महासभा ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर द्वारा आंबेडकर चौक पर मंगलवार को डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा परिसर में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आंरभ में महासभा रायपुर के अध्यक्ष ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के अनेक वक्ताओं ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समापन के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के ऊपर चप्पल फेंकने का प्रयास किया गया, जिसके विरोध में राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिला महासचिव विजय गजघाटे ने बताया कि ज्ञापन देने वालों में भारतीय बौद्ध महासभा की राष्ट्रीय ट्रस्टी सदस्य अल्का ताई बोरकर, राष्ट्रीय संस्कार सदस्य सीडी खोबरागड़े, भोजराज गौरखेड़े, बेनीराम गायकवाड़, संजय गजघाटे, प्रकाश रामटेके, विजय गजघाटे, जीएस मेश्राम, नरेंद्र बोरकर, मकरंद घोड़ेसवार, संजय बोरकर, रतन डोंगरे, सुरेंद्र गोंडाने, दिलीप टेंभुरने, महेश बोरकर,राष्ट्रपाल वान्द्रे, राहुल वरके, पुरषोत्तम डोंगरे, अनिल ढोके, अविनाश थूल, पीएस गेड़ाम, सुशील मेश्राम, पुष्पा सतदेवे, पुष्पा वैद्य, करुणा वासनिक आदि उपस्थित थे।

# साय बोले- मानक चिन्ह से मिलावट व नकली वस्तुओं के कारोबार पर लगी प्रभावी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विश्व मानक दिवस पर मुख्यमंत्री ने दिलाई गुणवत्ता की शपथ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, जीवन के हर क्षेत्र में मानकों का पालन पारदर्शिता, गुणवत्ता और उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा वस्तुओं को मानक चिन्ह प्रदान कर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा रही है और इसके माध्यम से मिलावट व नकली वस्तुओं के कारोबार पर प्रभावी रोक लगी है। राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित मानक महोत्सव को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को गुणवत्ता की शपथ दिलाते हुए मानकीकृत उत्पादों को बढ़ावा देने और बीआईएस के प्रयासों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मानकों की स्थापना में विशेष योगदान देने वाले मानक क्लबों, संस्थाओं और मेंटर्स का सम्मान किया। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, यह संस्था देशभर में गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, एक समय था जब सोने जैसी धातुओं की शुद्धता का पता लगाना कठिन था, लेकिन आज हर उपभोक्ता बीआईएस हॉलमार्क देखकर ही आभूषण खरीदता है। बीआईएस का हॉलमार्क अब उपभोक्ता भरोसे का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने बताया कि बीआईएस द्वारा बोतलबंद पानी, हेलमेट, खिलौने, गहनों से लेकर करीब 22 हजार वस्तुओं को मानक चिन्ह प्रदान किए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं के बीच मानक चिन्हों के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।



### गुणवत्ता सुधार नीति नहीं, संकल्प : दयालदास

कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, विश्व मानक दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं और समाज में मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह हमारे वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रयासों को सराहने का अवसर भी है। उन्होंने कहा, देश तेजी से विकास कर रहा है और गुणवत्ता सुधार अब केवल नीति नहीं, बल्कि एक संकल्प बन चुका है। जागो ग्राहक जागो का संदेश उपभोक्ताओं को सजग और जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को समाज में आगे बढ़ाएं, ताकि उपभोक्ता संरक्षण और अधिक सशक्त हो सके।

### गुणवत्ता ही भारत की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मानकों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा, स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता और मानकीकरण के कारण आज देश के गांव और कस्बों में बने उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। विकसित भारत का संकल्प उपभोक्ता अधिकारों की मजबूती से ही पूरा होगा। उन्होंने कहा, गुणवत्ता ही आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक पहचान है।

# धर्मांतरण और चंगाई सभा पर उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा बोले- जल्द आएगा सख्त कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस में धर्मांतरण और चंगाई सभा को लेकर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसे लेकर कहा, धर्मांतरण के खिलाफ जल्द सख्त कानून आएगा, जो देश में सबसे सशक्त कानून होगा। चंगाई सभा बंद होना चाहिए, यह लोगों को भ्रमित करने के लिए होती है।

***एसपी को परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका :*** प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 3-4 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को फटकार लगाई थी। मुख्यमंत्री ने सभी एसपी को हिदायत दी है, जिनका परफॉर्मेंस बेहतर नहीं है, उन्हें परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका दिया गया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि अगर परफॉर्मेंस ठीक नहीं होने पर निर्णय लिया जाएगा।



### कांग्रेस के बयान पर किया पलटवार

बिहार चुनाव में भाजपा नेताओं के जाने को लेकर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए विजय शर्मा ने कहा, पदयात्रा का विषय अच्छा है और भाव भी अच्छा है। कांग्रेस नेताओं को यह भी बताना चाहिए कि उनके नेता ने जो पदयात्रा की थी, उसका परिणाम क्या निकला। उन्होंने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता कैसे जाएंगे, यह कांग्रेस छोड़ दे। हमें पूरा विश्वास है कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। सीटों का बंटवारा भी पूरी तरह से हो चुका है और हम पूरी ताकत के साथ एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अब देखना यह है कि वे वहां जाकर वास्तव में लड़ाई करेंगे या टिकट बेचेंगे, उम्मीद है कि इस बार वे कुछ अच्छा करेंगे।

### नाकामियां छुपाने सरकार चला रही है प्रोपोगेंडा : बैज



प्रदेश में धर्मांतरण के खिलाफ सरकार जल्द सख्त कानून लाएगी, जो देश में सबसे सशक्त कानून होगा। डिप्टी सीएम विजय शर्मा के इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा, भाजपा को सत्ता में आए दो साल हो गए, लेकिन 2 साल में कानून आया नहीं। सरकार सिर्फ अपनी नाकामियां छुपाने के लिए प्रोपोगेंडा चला रही है। एसपी को परफॉर्मेंस सुधारने के आखिरी अल्टीमेटम वाले बयान पर उन्होंने कहा, इनके अल्टीमेटम को सुन कौन रहा है। अगर अल्टीमेटम का सुनते, तो ननकी राम कंवर को रायपुर धरना देने नहीं आना पड़ता। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि कोरबा कलेक्टर को सराहा गया है।

**कैट 20 को मनाएगा दिवाली :** रायपुर। व्यापारियों ने 20 अक्टूबर को दिवाली मनाने का निर्णय लिया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी ने कहा, शास्त्रीय विधान में अमावस्या में प्रदोष काल में दिवाली पूजन का विधान है। यह योग 20 अक्टूबर को है। अतः व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पूजन भी इसी दिन किया जाएगा।

# विधायक साहू ने ली बैठक, अफसरों को दिए निर्देश

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने खमतराई स्थित जोन 1 कार्यालय पहुंचकर संत कबीर दास वार्ड, यति यतनलाल वार्ड, बजारी माता वार्ड के कार्यों की समीक्षा की। श्री साहू ने निगम के अधिकारियों को सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट प्रबंधन व्यवस्था को सुधारने निर्देशित किया है। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने भनपुरी और गोगांव में खेल मैदान निर्माण व विकास कार्य शीघ्र करने योजना बनाकर कार्य करवाने के निर्देश दिये। ग्रामीण विधायक न अवैध कालोनियों का नियम अनुसार नियमितिकरण करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश जोन अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, पार्षद डॉ मनमोहन मनहरे अबिका साहू, अपर आयुक्त कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी शामिल हुए।

## पेज 11 के शेष ...

### शहर की 42 टंकियां कल शाम...

रहेगा। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र के मुताबिक 80 एमएलडी, 150 एमएलडी प्लांट और 80 एमएलडी के नया प्लांट से भरने वाली 42 टंकियां इससे प्रभावित होंगी। इसीलिए 16 अक्टूबर को शाम के समय जलप्रदाय नहीं होगा। सुबह के समय नियमित रूप से जल आपूर्ति के बाद प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा।

***शहर ये टंकियां रहेंगी प्रभावित :*** डगनिया, गंज, गुढियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी, ईदगाहभाठा पुरानी टंकी एवं श्याम नगर तथा 150 एमएलडी प्लाट से भरने वाली पानी टंकियों में भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडी नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेडा एवं नया 80 एम एलडी प्लांट से भरने वाली टंकियां बैरन बाजार नया एवं देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर एवं मोतीबाग टंकी 16 अक्टूबर को सुबह जलप्रदाय होने के पश्चात शाम को जलप्रदाय नही होगा। संधारण कार्य पूरा होने के बाद 17 अक्टूबर को सुबह जलप्रदाय नियमित रूप से होने लगेगा। इसके अलावा शहर में स्थित अन्य जलागारों एवं पावर पंपों से जलप्रदाय यथावत रहेगा।

***डिमांड पर पानी टैंकर की रहेगी वैकल्पिक व्यवस्था :*** नगर निगम के जल विभाग द्वारा गुरुवार को शाम के समय शहर की 42 पानी टंकियों से जल आपूर्ति बाधित रहने पर प्रभावित इलाकों में डिमांड पर जोन के माध्यम से पानी टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी। शहरवासियों से आग्रह किया गया है 16 अक्टूबर की सुबह नियमित जल आपूर्ति के दौरान शाम के लिए अपनी सुविधा अनुसार पानी बचाकर उपयोग के लिए सुरक्षित रख लें।

### हड़ताल के नाम पर अनुपस्थिति...

में माना जाता है तथा कर्मचारियों द्वारा ऐसे कृत्य किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्री परियल ने विभाग प्रमुखों को हड़ताल में शामिल होने वाले कर्मचारियों की जानकारी तथा कार्रवाई के संबंध में मानव संसाधन विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि कार्य प्रभावित न हो, ऐसी स्थिति के लिए सभी विभाग प्रमुखों को तैयार रहना होगा तथा उपलब्ध संसाधनों एवं कर्मियों से कार्यों का संचालन करना होगा। विद्युत विभाग अति आवश्यक सेवाओं में शामिल है जिसके सुचारू संचालन एवं जनहित में कार्य करने के लिए कर्मी संकल्पबद्ध रहे।

## बिजनेस साइट

### धनतेरस व दीपावली पर धनश्री ज्वेलर्स में आभूषणों की खास रेंज

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित गिरधर भवन के सामने संचालित धनश्री ज्वेलर्स ने दीपावली व धनतेरस के मौके पर ग्राहकों के लिए विशेष आभूषण संग्रह पेश किया है। संचालक ओ म प्र का श सोनी एवं योगेश सोनी ने बताया कि स्वर्ण, हीरा एवं चांदी के आकर्षक व कलात्मक डिजाइनों में आभूषण उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की पसंद व परंपरा को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के डिजाइनों की रेंज तैयार की गई है। आभूषणों में आईजीआई प्रमाणित ईएफ कट के हीरे, एचयूआईडी हॉलमार्क सोना तथा चांदी के बर्तन भी शामिल हैं। धनश्री ज्वेलर्स की खासियत शुद्धता, पारदर्शिता व भरोसे में निहित है। ग्राहक इन्हें उपहार और पारिवारिक अवसरों के लिए भी पसंद कर रहे हैं। त्योहारों को देखते हुए शोरूम रविवार को भी खुला रहेगा।




### बैंक ऑफ इंडिया ने गुढ़ियारी में नई शाखा का किया उद्घाटन



**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। समारोह में सिटी महापौर मीनल चौबे, वाणिज्य एवं उद्योग मंडल अध्यक्ष सतीश थौरानी तथा बैंक की आंचलिक प्रबंधक गायत्री कांपा ने संयुक्त रूप से फीता काटा। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद भोलाराम साहू, अमर गिदवानी, शाखा प्रबंधक हेमंत गुप्ता और अन्य अधिकारी, ग्राहक तथा क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ बैंक ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ में कुल शाखाओं की संख्या 70 हो गई है। सुश्री कांपा ने कहा कि यह विस्तार हमारे वित्तीय समावेशन और ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो। महापौर श्रीमती चौबे ने बैंकिंग सेवाओं के लाभ की जानकारी दी, जबकि श्री थोरानी ने सैलरी अकाउंट से जुड़ी सुविधाओं को साझा किया। यह शाखा बचत खाता, ऋण, डिजिटल बैंकिंग जैसी सेवाएं प्रदान करेगी, जिससे गुढ़ियारीवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स नेक्सा शोरुम का कांकेर में शुभारंभ

**रायपुर।** मारुति सुजुकी के अधिकृत विक्रेता विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स का नेक्सा शोरुम कांकेर में भव्य शुभारंभ मंगलवार को हुआ। शोरुम का शुभारंभ कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, मारुति सुजुकी के चेनल हेड योगेश गुप्ता, कांकेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनुप शर्मा, संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, दिशा अग्रवाल के उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन समारोह मेंशहर के सम्माननीय शहरवासी, कस्टमर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स रायपुर और छत्तीसगढ़ में ग्राहक सेटिस्फेक्शन और एक्सपीरियंस में सबसे शानदार प्रदर्शन कर रहा है। आने वाले समय में कांकेर शोरुम से पूरे बस्तर संभाग को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करेगा।



### 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का सफल आयोजन

**रायपुर।** उर्मिला फाउंडेशन एवं उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को समर्पित 'स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार' अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शताब्दी पांडे रहीं, जबकि अध्यक्षता नम्रता सिंह ने की। सुश्री पांडे ने कहा, एक सशक्त समाज की नींव एक स्वस्थ महिला से रखी जाती है। वहीं सुश्री सिंह ने स्वास्थ्य को सशक्तिकरण की पहली शर्त बताया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार और योग पर मार्गदर्शन दिया गया। 'महिला स्वास्थ्य एवं परिवार की भूमिका' पर इंटरएक्टिव सत्र में प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में जसपाल भामरा, ट्विंकल साहू, शुभा पिल्लई, दीपजइ परिअल व दिलीप नेताम उपस्थित रहे।



### मिरैकल्स क्लीनिक में आज स्वर्णप्राशन संस्कार



**रायपुर।** शंकर नगर स्थित मिरैकल्स पाइल्स एवं डेंटल क्लीनिक में आज पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयुर्वेदिक परंपरा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक मानी जाती है। क्लीनिक की चिकित्सक डॉ. पिंकी चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्णप्राशन एक विशेष प्रकार का लेह (घोल) होता है, जिसे शोधित स्वर्ण और विभिन्न आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के अर्क से तैयार किया जाता है। यह बच्चों के ऊर्जा स्तर, बुद्धि, बल और स्मरण शक्ति को बढ़ावा देने में सहायक होता है। डॉ. चौरसिया ने यह भी बताया कि स्वर्णप्राशन संस्कार को हर माह के पुष्य नक्षत्र में कराना विशेष रूप से लाभकारी होता है, क्योंकि यह नक्षत्र औषधीय गुणों के लिए अनुकूल माना गया है। इस संस्कार से बच्चों में बीमारियों से लड़ने की ताकत विकसित होती है और उनका कुल स्वास्थ्य बेहतर होता है।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2550 दिनांक 18.03.2009 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - EWS-II-46/005 को श्री कलीम काजी पिता श्री कयामुद्दीन काजी के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 27.01.2012 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री कलीम काजी पिता श्री कयामुद्दीन काजी, निवासीः- वर्मा किराना स्टोर के सामने अयोध्या नगर मठपुरेना रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री गगन कुमार वर्मा पिता श्री अशोक कुमार वर्मा, निवासीः- एफ / 288, अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी कुथरौद तहसील व जिला - बलौदाबाजार (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS-II-46/005 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

## न्यायालय तहसीलदार अभनपुर

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः-जिला- **रायपुर** तहसील- **अभनपुर** प.ह.न.- **00013 सिवनी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक- RD202425441631500056**

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम सिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी शोभना पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर, रामजी पिता/पति-कार्तिक पता-मठपुरैना रायपुर, देवबती पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर योगेन्द्र पिता/पति महावीर पता मठपुरैना रायपुर, ममता पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर, पुष्पा पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर भरतलाल पिता/पति-कार्तिक पता- मठपुरैना रायपुर मोना पिता/पति महावीर पता-मठपुरेना रायपुर वर्षा पिता/पति महावीर पता-मठपुरैना रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1103/3 (0.4410), 1152/2 (0.4780), 1154/2(0.3240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पार्वती रामजी साहू पिता/पति-रामजी साहू पता-वार्ड नं. 60 शीतला पारा मठपुरैना सुंदर नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदारः-SITA SHUKLA**
**तहसील-अभनपुर**


# सड़क, बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य के लिए बनेगा एक्शन प्लान

- मुख्य सचिव ने उच्च स्तरीय बैठक में सचिवों संग की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्य सचिव विकास शील ने कहा, कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा दिए गए निर्देशों पर त्वरित और प्रभावी अमल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य प्राथमिक क्षेत्रों के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आज मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के भारसाधक सचिवों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में शामिल विभागों के एक्शन प्लान्स की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन कार्यों का शिलान्यास किया जा चुका है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लोकार्पण सुनिश्चित किया जाए।

### ये थे मौजूद

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल मनोज कुमार पिंगुआ, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सहित सभी विभागों के सचिव उपस्थित थे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


आलोक सिंह ठाकुर
प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़
राजीव लोचन सिंह
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा कांकेर
15
अक्टूबर
मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ
छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष
मान. डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनीत :- राठौर मेडिकल स्टोर कांकेर एवं कोरर (प्रोपराइटर : राजकुमार सिंह राठौर)
महावीर सिंह राठौर
पूर्व अध्यक्ष अपैक्स बैंक (छ.ग.)
अनूप सिंह राठौर
जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी कांकेर

# सड़क पर महंगी पड़ी स्टंटबाजी, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मोवा क्षेत्र में ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार कार में स्टंटबाजी करना युवकों को महंगा पड़ गया।पुलिस ने इस मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, विगत 11-12 अक्टूबर की दरमियानी रात कुछ युवकों द्वारा हुंडई आई-20 क्रमांक सीजी-04, पीएम-7937 में हुड़दंग मचाते हुए वाहन में स्टंटबाजी करते हुए किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था। इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद पंडरी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सीसीटीवी, आईटीएमएस के कैमरों से फूटेज की पड़ताल की तो वाहन मालिक के जरिए स्टंट करने वाले युवक पकड़ में आ गए। पुलिस ने दीपका कोरबा निवासी कृष्णा गोयल और अनुराग कश्यप, राजनांदगांव निवासी तुषार सेंद्रे, बिरसिंगपुर पाली मध्यप्रदेश निवासी वंश रजक को गिरफ्तार कर उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

## बीच सड़क काटा केक, की आतिशबाजी, 9 पर कार्रवाई

दलदल सिवनी क्षेत्र के एकता चौक पर स्कार्पियो बीच सड़क पर रोककर जन्मदिन मना रहे 9 युवकों पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। घटना 10-11 अक्टूबर की दरमियानी रात 12.15 से 1 बजे के बीच की है। साथी युवक का जन्मदिन मनाते कुछ युवा जमकर आतिशबाजी भी कर रहे थे, जिससे सड़क जाम हो गई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए योगराज साहू, भुनेश्वर उर्फ संजय साहू, खिलेश निर्मलकर, आशीष उर्फ कर्षन साहू, खिलेंद्र चंद्राकर, निलेश साहू, डूपेंद्र साहू, नवीन राव एवं पंकज ध्रुव को गिरफ्तार कर उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।




## दीपावली पूर्व कर्मचारियों को वेतन भुगतान की मांग

### फेडरेशन का मुख्यमंत्री को पत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने राज्य शासन से आग्रह किया है कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों को उनका वेतन पर्व के पूर्व प्रदान किया जाए, ताकि वे यह त्योहार उत्साह, उल्लास और आर्थिक सशक्तता के साथ मना सकें। फेडरेशन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि दीपावली समाज में आनंद, समृद्धि और पारिवारिक एकता का प्रतीक पर्व है।

## वित्त मंत्री चौधरी ने किया आधुनिक सुविधायुक्त फेडरेशन हॉल का लोकार्पण

रायपुर। भनपुरी में जीर्णोद्धार के बाद नए साजसज्जा से सज्जित छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज के हॉल का कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने व्यापारियों और उद्योगपतियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा, सरकार व्यापारियों की हरसंभव मदद करेगी। जीएसटी के सुधार और इससे आम जनता को मिली राहत की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों और आम जनता को दी गई राहत के लिए समारोह में मंत्री ओपी चौधरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और औद्योगिक विकास निगम के



अध्यक्ष राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा, रायपुर ग्रामीण में अब मूलभूत सुविधाएं और ज्यादा गति से आकार ले रही है। फेडरेशन के अध्यक्ष शंकर बजाज, पूर्व अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारिणी, वरिष्ठ पदाधिकारी हंसराज कोठारी, संपत काबरा, यूएन अग्रवाल, अनिल पटेरिया ,प्रकाश राठी, नीलेश मूंदड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन विष्णु सारडा ने किया।







